हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

15 सितम्बर 2024, समय 1810

समाचार

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने हरियाणा में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने का दावा किया और नायब सिंह को मुख्यमंत्री का चेहरा बताया।
- हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने मुख्यमंत्री के पद के लिए दावा पेश करने का ऐलान किया।
- पूर्व सांसद एवं बीजेपी नेता अशोक तंवर ने अरविन्द केजरीवाल के दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिए जाने की घोषणा पर कटाक्ष किया और कहा कि जेल जाने से पहले ही जनता ने फैसला कर दिया था।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कल उम्मीद्वारों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी और चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे।
- भारतीय सेना की पश्चिमी कमान ने आज अपना 78वां स्थापना दिवस मनाया।

*******************************************************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि प्रदेश की जनता हरियाणा में एक बार फिर भारतीय जानता पार्टी की

सरकार बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा करवाए गए विकास कार्यों के आधार पर जनता ने तीसरी बार बी जे पी  सरकार बनाने का मन बनाया है।  श्री धर्मेंद्र प्रधान आज करनाल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री  ने कहा कि बी जे पी  सरकार द्वारा पिछले दस सालों में किसानों, महिलाओं और  युवाओं के हित में कार्य किए गए हैं। प्रदेश का आर्थिक विकास हो या प्रदेश के वंचित वर्गों की बात हो हर एक क्षेत्र में  सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किया है। हरियाणा सरकार ने प्रदेश में उत्पादित फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया है, प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है । उन्होंने कहा कि युवाओं को बिना खर्ची व पर्ची के नौकरियां दी गई। श्री प्रधान ने कहा कि वे विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय व प्रादेशिक नेतृत्व 90 के 90 विधानसभाओं में जाएंगे। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है और हरियाणा के मुख्यमंत्री का चेहरा नायब सिंह ही हैं।

*******************************************************

हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने आज  मुख्यमंत्री के पद के लिए दावा पेश  करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि उनसे पूरे

हरियाणा के लोग पूछ रहे हैं कि सबसे वरिष्ठ होने के बावजूद वे मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनें। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग और अपनी वरिष्ठता के दम पर मैं मुख्यमंत्री बनने का दावा पेश करूंगा। आगे पार्टी बनाती है या नहीं बनाती यह पार्टी पर है । उन्होंने कहा कि अगर मुझे इस प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया तो वह हरियाणा की तकदीर और तस्वीर बदल देंगे ।श्री विज आज अंबाला छावनी में विधानसभा चुनावों के लिए अपने कामों और योजनाओं व परियोजनाओं के बारे में पत्रकारों से अपने रिपोर्ट कार्ड साझा कर रहे थे ।श्री विज ने कहा कि अंबाला छावनी की जनता ने मुझे 6 बार उन्हें विधायक बनाया है और अब वह मैं सांतवीं बार चुनाव लड रहा हूं। उन्होंने कहा कि जब जब भी मौका मिला उन्होंने विपक्ष के तौर पर आवाज उठाने का काम किया हैं'।

**********************************************************

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिए जाने की घोषणा पर पूर्व सांसद व बी जे पी नेता अशोक तंवर ने कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि जनता ने तो बहुत पहले ही फैसला कर दिया था, जब वे जेल गए थे। अरविंद केजरीवाल को बहुत पहले ही मुख्यमंत्री पद छोड़ देना चाहिए था । उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों ने भी शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास का माडल देख लिया है। अशोक तंवर आज रोहतक में बी जे पी के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के

नेता राहुल गांधी के अमेरिका में आरक्षण के बारे में दिए गए बयान की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर जाकर भारत को बदनाम करने का प्रयास किया है, जो चिंता का विषय है। इसी प्रकार लोकसभा चुनाव में देश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया था।अशोक तंवर ने हरियाणा में कांग्रेस की परिवारवाद की राजनीति को भी निशाने पर लिया। इसके अलावा उन्होंने प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज के मुख्यमंत्री का दावा प्रस्तुत करने पर कहा कि बी जे पी में सबको अपनी बात रखने का अधिकार है।

*******************************************************

कुरुक्षेत्र जिला पुलिस द्वारा विधानसभा चुनाव को लेकर थाना शाहबाद क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टुकड़ी ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। जनता से यह अपील भी की गई कि वह चुनाव के समय किसी भी असामाजिक तत्व के बहकावे में न आ कर किसी भी प्रकार का लालच देने वालों की सूचना तुरन्त अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन/चौंकी या पुलिस नियंत्रण कक्ष में दें।

*******************************************************

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा है कि उम्मीदवारों के नामांकन वापस लेने का कल आख़िरी दिन है।इसके बाद सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी तथा उसी दिन संबंधित निर्वाचन अधिकारियों द्वारा चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने बताया

कि 13 सितम्बर को 1,559 उम्मीदवारों द्वारा दाखिल 1,746 नामांकन पत्रों  की जांच के दौरान 1,221 उम्मीदवारों के नामांकन  वैध पाये गये थे । 338 उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी गई थी ।मतदान 5 अक्टूबर  को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा।

*****************************************************

हरियाणा  विधानसभा चुनाव के लिए पानीपत जिले की सभी चारों विधानसभाओं  में  85 वर्ष से अधिक आयु के 8 हजार 129 बुजुर्ग मतदाताओं ने घर से मतदान  का विकल्प चुना है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस बार मतदान के लिए 47  नये बूथ बनाये गये हैं। हर बूथ पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।मतदान हेतु संबंधित अधिकारियों को पहला प्रयोगिक प्रशिक्षण दिया गया है ।

*****************************************************

भारतीय सेना की पश्चिमी कमान ने आज अपना 78वां स्थापना दिवस मनाया। अति वशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार  और पूर्व सेना कमांडरों ने कमान के  बहादुर सैनिकों को उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए चंडी मंदिर में वीर स्मृति युद्ध स्मारक, पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ  जनरल मनोज कुमार कटियार ने पश्चिमी

कमान के सभी रैंकों और परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए नाम, नमक, निशान के गुणों को बनाए रखने पर बल दिया और कहा कि पश्चिमी कमान पश्चिमी मोर्चे की सुरक्षा और भविष्य के किसी भी संघर्ष में निर्णायक जीत हासिल करने के अपने संकल्प में अडिग है।उन्होंने आगे कहा कि एक जिम्मेदार संगठन और नागरिक के रूप में, कमान राष्ट्र निर्माण में अपने योगदान के साथ सशक्त भारत के सपने को साकार करने में भी सक्रिय रूप से शामिल है।

*******************************************************

रोहतक के जिला मजिस्ट्रेट एवं उपायुक्त  अजय कुमार ने रोहतक जिला की सीमा से गुजरने वाली जवाहर लाल नेहरू व यमुना जल सेवाएं नहर और अन्य नदियों में गणेश चतुर्थी व विसर्जन के दौरान नहाने, धार्मिक प्रयोजनों के लिए उपयोग होने वाली सामग्री जैसे मूर्तियां और हवन सामग्री के निपटान पर प्रतिबंध लगा दिया है।उन्होंने कहा कि इस कार्य में सिंचाई विभाग के संबंधित कार्यकारी अभियंता पुलिस का  सहयोग करेंगे।श्री अजय कुमार ने बताया कि गणेश चतुर्थी  केउपलक्ष्य में मूर्ति विसर्जन  गोकर्ण धाम तालाब में किया जा सकेगा ।

*******************************************************

पलवल पुलिस ने कल 16 सितम्बर को ईद-ए-मिलाद के  त्यौहार के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध  किए हैं ।  पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन ने  सभी पीसीआर एंव राइडर को निर्देश दिए है कि पुलिस

नियंत्रण कक्ष के माध्यम से जहां भी अव्यवस्था की सूचना प्राप्त होगी वे तुरंत मौके पर जाकर स्थिति से निपटेगें।पुलिस अधीक्षक ने ईद पर्व की बधाई देते हुए सभी से कानून व्यवस्था की पालना करते हुए पुलिस का हरसंभवसहयोग करने का आह्वान किया है ।उन्होंने कहा है कि कानून एंव शांति व्यवस्था को किसी भी सूरत में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक व आपत्तिजनक सामग्री को सोशल मीडिया पर प्रसारित न करे। पलवल पुलिस सोशल मीडिया पर नजर रखे हुए है। कानून की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

*******************************************************

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र दिनोद व महासचिव सुमेर सिवाच ने कहा है कि यूनियन का राज्य स्तरीय सम्मेलन 21 सितंबर को भिवानी में होगा। इस सम्मेलन में कर्मचारियों की मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। यह निर्णय कल रोहतक में यूनियन की राज्य समिति की बैठक में लिया गया। रोहतक में मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को ज्ञापन भी दिया जाएगा। जिसमें मांग की जाएगी कि सभी राजनीतिक दल चुनाव से पहले अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट करें कि रोडवेज विभाग का निजीकरण

बंद कर 10 हजार नई सरकारी बस शामिल की जाएंगी। लिपिक, चालक, परिचालक व अन्य कर्मचारियों के वेतन संशोधन के बारे में भी स्पष्ट करना होगा। इसके अलावा हरियाणा राज्य कौशल रोजगार निगम भंग कर सभी कर्मचारियों को नियमित करना होगा और खाली पड़े पदों पर नियमित भर्ती करनी होगी।